**PRESS RELEASE**

# रेनो ट्राइबर ने भारत में 1,00,000 सेल्स की उपलब्धि प्राप्त की

**इस उपलब्धि का जश्न पत्थर मनाने के लिए ट्राइबर का लिमिटेड एडिशन पेश किया**

- **1.0-लीटर पेट्रोल इंजन से सुसज्जित ट्राइबर लिमिटेड एडिशन मैनुअल और ईज़ी-आर ए.एम.टी. दोनों प्रकार के ट्रांसमिशन** में उपलब्ध होगी।
- इसके बाहरी रूप को **बॉडी के दोहरे रंगों मूनलाइट सिल्वर और सेडर ब्राउन के साथ छत के काले रंग** के साथ खूबसूरत रूप दिया गया है
- **चार एयरबैग्स - ड्राइवर और सवारी दोनों के लिए आगे और साइड में**, जिसके साथ संपूर्ण सुरक्षा प्रदान करती है

**नई दिल्ली, 18 फरवरी, 2022**: भारत के नंबर एक यूरोपीय ब्रांड, रेनो ने आज यह घोषणा की कि रेनो **ट्राइबर ने भारत में 1 लाख सेल्स की उपलब्धि को प्राप्त कर लिया है**। अपने उत्पाद की सफल अभिनवताओं के साथ ट्राइबर की सफलता की कहानी को जारी रखने की अपनी प्रतिबद्धता पर खरा उतरते हुए और इस उपलब्धि का जश्न मनाने के लिए, रेनो इंडिया ने **7.24 लाख रुपए शुरुआती कीमत (एक्स-शोरूम नई दिल्ली) पर ट्राइबर लिमिटेड एडिशन (एल.ई.)** पेश की है।

देश भर में रेनो के ब्रांड की सफ़लता में रेनो ट्राइबर ने एक अहम भूमिका निभाई है। **ग्लोबल एन.सी.ए.पी. की ओर से वयस्क सवारियों की सुरक्षा के लिए 4-स्टार और बच्चों के लिए 3-स्टार की सुरक्षा रेटिंग** प्राप्त, रेनो ट्राइबर एक माहौल में ढलने वाली, आकर्षक और किफ़ायती प्रस्तुति है, और भारत में रेनो के लिए एक परिवर्तनकारी उत्पाद रही है।

आर.एक्स.टी. वैरिएंट पर आधारित, रेनो ट्राइबर लिमिटेड एडिशन मैनुअल और ईज़ी-आर ए.एम.टी. ट्रांसमिशन दोनों में उपलब्ध है और **एनर्जी इंजन - 1.0-लीटर पेट्रोल इंजन** के साथ सुसज्जित आती है, जो रखरखाव की कम लागत के साथ अच्छा प्रदर्शन और ईंधन की ख़पत के बीच एक अच्छा संतुलन प्रदान करता है। रेनो ट्राइबर एल.ई. में नई **स्टाइलिश अकाज़ा फैब्रिक अपहोल्स्ट्री**, **पियानो ब्लैक फिनिश** वाले **डुअल टोन डैशबोर्ड** के साथ, शान और बेहतरीन माहौल प्रदान करती है। पूरी तरह से डिजिटल **सफेद रंग का एल.ई.डी. इंस्ट्रूमेंट क्लस्टर, क्रोम रिंग वाले एच.वी.ए.सी. नॉब्स** और **दरवाज़े के काले रंग के अंदर के हैंडल** इस कार के समग्र रूप के आकर्षण को और भी बढ़ाते हैं।

इस कार के आकर्षक रूप को और भी बेहतर बनाते हुए ट्राइबर एल.ई. नए **14 इंच के स्टाइलिश फ्लेक्स व्हील्स** के साथ **काली छत वाले मूनलाइट सिल्वर और सेडर ब्राउन रंगों में दोहरे रंगों** वाले बाहरी रूप में उपलब्ध होगी। अलग-अलग प्रकार के सक्रिय और निष्क्रिय सुरक्षा विशेषताओं के अतिरिक्त, **यह चार एयरबैग्स - चालक और सवारी** दोनों के लिए सामने और साइड के, से सुसज्जित आती है। **आगे का चालक**


Confidential C

**की साइड का लोड लिमिटर और प्री टेंशनर** इस गाड़ी की सुरक्षा के आयाम को और भी बेहतर बना देते है। सवारियों के लिए बेहतर सुविधा प्रदान करते हुए, सीमित एडिशन में **छह प्रकार से एडजस्ट की जा सकने वाली चालक की सीट और गाइडलाइन्स वाले रिवर्स पार्किंग कैमरे** के साथ **स्टीयरिंग पर दिए गए ऑडियो और फोन कंट्रोल्स** शामिल हैं।

ट्राइबर सीमित एडिशन की बुकिंग आज से शुरू हो गई है और इसे https://renault.co.in पर ऑनलाइन या **रेनो की अधिकृत डीलरशिप** पर या **माई रेनो ऐप** पर बुक किया जा सकता है।

भारत और फ्रांस में रेनो टीमों के बीच एक संयुक्त प्रॉजेक्ट के परिणामस्वरुप, रेनो ट्राइबर को ख़ास तौर पर भारत के बाज़ार में अभिनवकारी उत्पादों के लिए उपलब्ध अवसरों को ध्यान में रखते हुए डिज़ाइन किया गया था। 4 मीटर से कम लंबी कार की तलाश करने वाले ग्राहकों के लिए रेनो ट्राइबर ने एक बेजोड़ मूल्य प्रस्ताव पेश किया है। रेनो ट्राइबर आकर्षक आंतरिक रूप-रंग के साथ एक बेहद-खुली, अल्ट्रा-मॉड्यूलर, किफ़ायती, सुरक्षित और ईंधन की कम खपत वाली गाड़ी के रूप में मौजूद है, जो 4 मीटर से कम लंबी इस कार में कई आधुनिक और व्यावहारिक सुविधायें प्रदान करने का दावा करती है।

रेनो ट्राइबर एक आकर्षक तरीक़े से डिज़ाइन की गई, मज़बूत और अनेक तरह के काम आने वाली गाड़ी है जिसने 4 मीटर से भी कम लंबी गाड़ी में एक से सात बड़ी सवारियों को आराम से बिठा लेने की उपलब्धि हासिल की है। रेनो ट्राइबर को ग्राहकों द्वारा बहुत सम्मान प्रदान किया गया है और अपनी बेहतरीन गुणवत्ता, प्रतिरूपकता, आकर्षक डिज़ाइन और अच्छी महत्वपूर्ण परिपूर्णता के साथ आधुनिक सुविधाओं के मामले में यह अच्छा मूल्य प्रस्ताव पेश करती है। इसने भारत में रेनो की विस्तार की योजनाओं में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। रेनो दक्षिण अफ्रीका और सार्क क्षेत्र में ट्राइबर का निर्यात भी करती है।

भारत में दस वर्षों की अपनी मौजूदगी के दौरान, रेनो ने काफी तरक्की की है, जिसमें भारत में एक अत्याधुनिक निर्माण सुविधा, एक विश्व स्तरीय टेक्नोलॉजी केंद्र, उपस्कर और डिज़ाइन केंद्र शामिल हैं। भारत में अपनी गाड़ियों की संख्या को बढ़ाने के लिए अपने उत्पाद पोर्टफोलियो का विस्तार करने की रणनीति के साथ, रेनो देश में अपने नेटवर्क की पहुँच में काफी वृद्धि कर रही है, इस समय, रेनो इंडिया के **530 सेल्स और 530 से अधिक सर्विस संपर्क केंद्र** हैं, जिनमें देश भर में 250 से अधिक वर्कशॉप ऑन व्हील्स और वाओलाइट स्थान शामिल हैं।

**ABOUT RENAULT**

Renault India Pvt. Ltd. is a fully owned subsidiary of Renault S.A.S. France. Renault India cars are manufactured in the manufacturing facility located in Oragadam, Chennai, with a capacity of 480,000 units per annum. Renault India also has a widespread presence of 530 sales and more than 530 service touchpoints, which includes 250+ Workshop On Wheels and WOWLite locations across the country, with benchmark sales and service quality.

Renault India's product line up and services have seen strong recognition among customers and industry experts alike, winning more than 60 titles, making Renault India one of the most awarded automotive brands in a single year in India.

**For Further information, please contact:**
Jatin Aggarwal
Head - Public Affairs and Communication
Renault India Pvt. Ltd.
jatin.aggarwal@renault.com; @RenaultIndiaPR; @RenaultIndia


Confidential C